**भारत सरकार**
**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय**
**पशुपालन और डेयरी विभाग**
**लोकसभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या- 3633**
**दिनांक 17 दिसंबर, 2024 के लिए प्रश्न**

**डेयरी क्षेत्र के लिए पहलें**

**3633. श्री अमरसिंग टिस्सो:**

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) असम के कार्बी आंगलोंग और दीमा हसाओ जिलों में डेयरी फार्मिंग को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा की गई पहलों का ब्यौरा क्या है;

(ख) डेयरी आपूर्ति श्रृंखला को बढ़ाने के लिए इन क्षेत्रों में दुग्ध प्रसंस्करण इकाइयों की सहकारी समितियां स्थापित करने की योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार स्थानीय डेयरी किसानों के सामने आ रही चारा भंडार आपूर्ति और पशु चिकित्सा देखभाल जैसी चुनौतियों का समाधान कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री**
**(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)**

(क) पशुपालन और डेयरी विभाग असम सहित पूरे देश में देशी नस्लों के विकास और संरक्षण, बोवाइन आबादी के आनुवंशिक उन्नयन तथा बोवाइन पशुओं के दूध उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि के लिए दिसंबर 2014 से राष्ट्रीय गोकुल मिशन कार्यान्वित कर रहा है।

इस योजना के तहत डेयरी फार्मिंग को बढ़ावा देने के लिए कार्बी आंगलोंग और दीमा हसाओ सहित असम के सभी जिलों में निम्नलिखित पहलें की गई हैं:-

**(i) राष्ट्रव्यापी कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम (NAIP):** पशुपालन और डेयरी विभाग राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत देशी नस्लों सहित बोवाइन पशुओं के दूध उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए कृत्रिम गर्भाधान कवरेज का विस्तार कर रहा है। अब तक, 15.66 लाख पशुओं को कवर किया गया है, जिसमें 19.77 लाख कृत्रिम गर्भाधान किए गए हैं। इससे 13.91 लाख किसान लाभान्वित हुए हैं। जिलेवार विवरण **अनुबंध-I** में है।

**(ii) इन-विट्रो फर्टिलाइजेशन (IVF) तकनीक का कार्यान्वयन:** असम में देशी नस्लों के उत्कृष्ट पशुओं के प्रजनन के लिए, विभाग ने असम कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत असम में गुवाहाटी के खानपारा में एक आईवीएफ प्रयोगशाला संस्वीकृत की है।

**(iii) ग्रामीण भारत में बहुउद्देश्यीय कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन (मैत्री):** इस योजना के अंतर्गत मैत्री को किसानों के द्वार पर गुणवत्तापूर्ण कृत्रिम गर्भाधान सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित और उपकरणों से युक्त किया जाता है। अब तक, असम में 1200 मैत्री को प्रशिक्षित और उपकरणों से युक्त किया गया है।

**(iv) सेक्स सॉर्टेड वीर्य का उपयोग करके त्वरित नस्ल सुधार कार्यक्रम:** इस कार्यक्रम का उद्देश्य 90% सटीकता के साथ बछड़ियों का उत्पादन करना है, जिससे नस्ल सुधार और किसानों की आय में वृद्धि हो। किसानों को सुनिश्चित गर्भाधान के लिए सेक्स सॉर्टेड वीर्य की लागत का 50% तक सहायता मिलती है। कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य ने 1,00,000 सेक्स सॉर्टेड वीर्य खुराकें खरीदी है।

**(v) वीर्य स्टेशन का सुदृढ़ीकरण:** असम के बारापेटा में स्थित एक वीर्य स्टेशन को सुदृढ़ करने के लिए योजना के अंतर्गत निधियां जारी की गई हैं।

**(vi) कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना:** असम के गुवाहाटी में प्रति वर्ष 400 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण देने की क्षमता वाले एक राज्य प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना की गई है।

उपर्युक्त के अतिरिक्त, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) से मिली सूचना के अनुसार, असम सरकार और एनडीडीबी के बीच एक संयुक्त उद्यम कंपनी नॉर्थ ईस्ट डेयरी एंड फूड्स लिमिटेड (NEDFL), कार्बी आंगलोंग और दीमा हसाओ जिलों सहित असम में सात (07) वर्षों की अवधि के लिए असम डेयरी विकास योजना (एडीडीपी) कार्यान्वित कर रही है। इसका उद्देश्य परियोजना अवधि के अंत तक असम को दूध उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन में आत्मनिर्भर बनाना है।

(ख) राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) से प्राप्त सूचना के अनुसार वर्तमान में असम के कार्बी आंगलोंग और दीमा हसाओ जिलों में दूध संग्रह संस्थाओं/ डेयरी सहकारी समितियों (DCS) की स्थापना के लिए दूध उत्पादन और खरीद क्षमता पर्याप्त नहीं है। हालांकि, इन क्षेत्रों में दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय गोकुल मिशन के माध्यम से पशुपालन और डेयरी विभाग, भारत सरकार द्वारा विभिन्न पहलें की गई हैं।

(ग) और (घ) राज्य सरकार के प्रयासों को संपूरित करते हुए पशुपालन और डेयरी विभाग, भारत सरकार असम सहित पूरे देश में निम्नलिखित योजनाओं को कार्यान्वित कर रहा है:-

(i) राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (NPDD)
(ii) डेयरी कार्यकलापों में लगे डेयरी सहकारी समितियों और किसान उत्पादक संगठनों को सहायता (SDCFPO)
(iii) पशुपालन अवसंरचना विकास निधि (AHIDF)
(iv) राष्ट्रीय गोकुल मिशन (RGM)
(v) राष्ट्रीय पशुधन मिशन (NLM)
(vi) पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम (LHDCP)

उपर्युक्त भाग (क) में बताए गए अनुसार, आरजीएम के अंतर्गत की गई पहलों के अतिरिक्त, पशुचिकित्सा देखभाल सुनिश्चित करने के लिए एलएचडीसीपी योजना के तहत असम राज्य में 159 एमवीयू संचालित हैं, जो किसानों के द्वार पर पशुचिकित्सा स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में सहायता कर रही हैं। असम राज्य में अब तक कुल 50.21 लाख एफएमडी, 3.42 लाख ब्रुसेलोसिस, 24.03 लाख पीपीआर और 3.86 लाख सीएसएफ टीका खुराकें दी जा चुकी हैं। असम में आहार और चारे के स्रोतों को समृद्ध करने के लिए एनएलएम के तहत 1027.7 हेक्टेयर भूमि में चारा उगाने के लिए 8 विभागीय फार्मों के लिए हाथ से चलने वाले चाफ़-कटर के साथ 10 मीट्रिक टन क्षमता के साइलो पिट की स्थापना, एक उच्च क्षमता वाले चारा सहायता, ब्लॉक बनाने की इकाई की स्थापना और 1050 हाथ से चलने वाले चैफ कटर को वितरण हेतु प्रदान की गयी है।

ये योजनाएं बोवाइन पशुओं की दूध उत्पादकता में सुधार, डेयरी अवसंरचना को सुदृढ़ करने, कार्यशील पूंजी की आवश्यकता, आहार और चारे की उपलब्धता बढ़ाने तथा पशु स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में मदद कर रही हैं। ये पहलें दूध उत्पादन की लागत को कम करने और डेयरी फार्मिंग से आय बढ़ाने में भी मदद करती हैं।

*****

**अनुबंध- I**

## असम में एनएआईपी का जिलावार विवरण

| क्रम सं. | जिले का नाम | कवर किए गए पशु | किए गए कुल कृत्रिम गर्भाधान | लाभान्वित किसानों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बाजाली | 20813 | 28807 | 19102 |
| 2 | बक्सा | 40076 | 48671 | 37910 |
| 3 | बारपेटा | 160207 | 217047 | 152834 |
| 4 | बिश्वनाथ | 29188 | 36267 | 25562 |
| 5 | बोंगईगांव | 73584 | 92584 | 64057 |
| 6 | कछार | 26015 | 30960 | 24356 |
| 7 | चराईदेओ | 5441 | 7648 | 3919 |
| 8 | चिरांग | 20959 | 25369 | 18162 |
| 9 | दरांग | 92315 | 111779 | 86218 |
| 10 | धेमाजी | 7298 | 10034 | 6154 |
| 11 | धुबरी | 55384 | 66823 | 51514 |
| 12 | डिब्रूगढ़ | 19891 | 28391 | 11300 |
| १३ | **दीमा हसाओ** | **925** | **1151** | **601** |
| 14 | गोलपाड़ा | 53448 | 65782 | 50402 |
| 15 | गोलाघाट | 27637 | 35608 | 22497 |
| 16 | हैलाकांडी | 31385 | 35754 | 28659 |
| 17 | होजाइ | 90075 | 112442 | 81169 |
| 18 | जोरहाट | 29855 | 41768 | 18900 |
| 19 | कामरूप | 119139 | 141134 | 108390 |
| 20 | कामरूप (एम) | 40866 | 59322 | 24935 |
| 21 | **कार्बी आंगलोंग** | **8594** | **11130** | **6978** |
| 22 | करीमगंज | 18058 | 20917 | 14967 |
| 23 | कोकराझार | 24290 | 31055 | 21828 |
| 24 | लखीमपुर | 37298 | 46720 | 33521 |
| 25 | माजुली | 5030 | 6547 | 4697 |
| 26 | मोरीगांव | 93525 | 109816 | 84270 |
| 27 | नगांव | 163470 | 202668 | 152040 |
| 28 | नलबाड़ी | 98140 | 126237 | 88378 |
| 29 | शिवसागर | 22442 | 30956 | 19303 |
| 30 | सोनितपुर | 81629 | 102672 | 72477 |
| ३१ | सोराइदेउ | 14969 | 17855 | 13494 |
| 32 | दक्षिण सलमारा | 10351 | 13052 | 9687 |
| 33 | तिनसुकिया | 21664 | 36488 | 11911 |
| 34 | उदलगुड़ी | 35313 | 41866 | 32784 |
| 35 | **पश्चिम कार्बी आंगलोंग** | **8161** | **10589** | **7336** |
| | **कुल** | **1566622** | **1977102** | **1391210** |